**खबर संक्षेप**

### मंदिर प्रांगण से हटाया गया अतिक्रमण

**मैहर।** मां शारदा देवी प्रांगण में अतिक्रमण अपनी सीमाएं लांघ रही है जिसका खामियाजा देश के कोने कोने से आने वाले दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है वहीं आवागमन भी बाधित होता है। सबसे बड़ी बात यह है यहां पर नीचे सीढ़ी से लेकर मंदिर तक आने जाने वाले तमाम पैदल मार्ग पर अतिक्रमण कर दुकानें संचालित हो रही है। अतिक्रमणकारी मंदिर के ऊपरी हिस्से तक अवैध कब्जा जमा व्यापार करने लगे थे। इस संबंध की जानकारी मिलने पर एसडीएम विकास सिंह के द्वारा आज सक्रियता के साथ अतिक्रमण हटाया गया साथ ही अतिक्रमणकारियों को संदेश दिया गया कि कोई भी अतिक्रमणकारी इन क्षेत्र में दोबारा दुकान लगाए नजर आया तो सामान जप्त कर जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी।

### पुलिस अधीक्षक ने की अपराधों की समीक्षा

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें लंबित अपराध,मर्ग,चालान,शिकायत,चिन्हहत प्रकरण,समंस वॉरंट,सी.एम. हेल्प लाईन के शीघ्र निराकरण हेतू निर्देशित किया गया साथ ही कानून व्यवस्था को सुदृढ करने एवं अवैध मादक पदार्थों के विरूध्द प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गए। नवीन अपराधिक अधिनियम लागू हुए पूर्ण हुए एक वर्ष नवीन आपराधिक अधिनियम के लागू हुए एक वर्ष पूर्ण होने पर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा इसकी समीक्षा की गई। साथ ही अतिरिक्त पुलिस डॉ.चंचल नागर द्वारा अधिनियम में पीड़ित केंद्रित प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिनियम के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह चौहान, एसडीओपी अमरपाटन श्रीमति ख्याति मिश्रा,जिले के समस्त थाना प्रभारी,सूबेदार नृपेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### आज से शुरू होगा पूर्णिमा महोत्सव

**मैहर।** मां शारदा शक्तिपीठ मैहर के पुजारी रमेश पाण्डेय बम-बम महाराज के सानिध्य में सागर में 2 जुलाई से 10 जुलाई तक पूर्णिमा महोत्सव एवं श्री भक्तमाल का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 जुलाई को दिव्य आगवानी, 3 जुलाई को गोपाल यज्ञ एवं 3 जुलाई से 9 जुलाई तक दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक श्री भक्तमाल की कथा महंत किशोरदास देव जी महाराज के अमृतमई वचनों से श्रवण कराई जाएगी।10 जुलाई को गुरूदेव पूजना उपरांत दोपहर 12 बजे से विशाल भण्डारा होगा।

### जिले में अब तक 158.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 1 जुलाई तक 158.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 325.5 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 94.5 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 136 मि.मी, बिरसिंहपुर में 85.2 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 61 मि.मी.,नागौद में 289.3 मि.मी.,जसो (नागौद) में 48.6 मि.मी. एवं उचेहरा में 225.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

---

किराना दुकान में उधार में समान नहीं देने पर विवाद, हथियारबंद 20 लोग पहुंचे थे वारदात को अंजाम देने

# महादेवा में गोली चली, एक घायल; दूसरे को लाठियों से पीट-पीट कर किया अधमरा





**सतना।** राजेंद्र नगर इलाके में तलवार की नोक पर उधारी में आइसक्रीम लेने की घटना के बाद एक और सनसनी खेत वारदात सामने आई है। इस बार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के महादेवा इलाके में उधारी में किराना नहीं देने पर फायरिंग की गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों को सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है। हमलावरों ने कट्टे से फायरिंग की,जिसमें एक युवक के पैर में गोली लगी है,वहीं एक अन्य को लाठियों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। फायरिंग की यह वारदात मंगलवार शाम करीब 5 बजे हुई।

### चार बार फायर किए गए

पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी शुभम पांडे और दीपू उरमलिया करीब 20 लोगों के साथ हथियारों से लैस होकर पहुंचे थे। उनके पास कट्टे,तलवार,चाकू और डंडे थे। दुकान मालिक कैलाश पयासी को निशाना बनाते हुए उन्होंने चार फायर किए। तीन गोलियां शटर में जा लगीं,लेकिन एक गोली प्रेम ठाकुर के पैर में लगी। वहीं प्रशांत चौधरी को लाठियों से पीटा गया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

कैलाश पयासी ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल दुकान का शटर गिरा दिया,जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताया गया है कि हमलावरों ने मोहल्ले में भी दहशत फैलाने की कोशिश की।

### एक दिन पहले हुआ था झगड़ा

इससे एक दिन पहले सोमवार को भी कैलाश पयासी की दुकान पर विवाद हुआ था। शुभम पांडे और दीपू उरमलिया उधारी में सामान मांगने आए थे,लेकिन मना किए जाने पर बहस हो गई थी। इसके बाद दोनों ने अपने साथियों को बुलाकर मारपीट की और दुकान से 5 हजार रुपए की नकदी लूटने का आरोप है। पीड़ित ने इस घटना की शिकायत सिटी कोतवाली में दर्ज कराई थी। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है।

### तीन टीमें लगीं,आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस की तीन टीमें उनकी तलाश में लगाई गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### इसी इलाके में की गई थी कांग्रेस नेता की हत्या

उल्लेखनीय है कि इसी इलाके में कांग्रेस के एक युवक की पीट पीट कर हत्या कर दी गई थी। तब से यह इलाका सुर्खियों में बना हुआ है। लोग बताते हैं की छोटी-छोटी बातों में भी यहां पर अब विवाद होने लगा है। ज्यादातर लोग नशे में विवाद करते हैं। महत्वपूर्ण बात तो यह भी है कि राजेंद्र नगर इलाके में भी एक व्यक्ति ने दुकान में घुसकर तलवार से दुकानदार पर हमला किया था जिसमें वह बाल बाल बच गया था। तलवार इसलिए मारी गई थी क्योंकि दुकानदार ने उधार में दिए गए सामान का पैसा मांग लिया था।

---

# सर्किट हाउस चौराहे पर बस ने स्कूटी सवार डॉक्टर को मारी टक्कर

**क्लिनिक से घर जाते वक्त हुआ हादसा, ड्राइवर फरार**

**सतना।** शहर के सर्किट हाउस चौराहे पर मंगलवार दोपहर एक बस ने स्कूटी सवार डॉक्टर को टक्कर मार दी। हादसे में रिटायर्ड डॉक्टर आरएस सोनी 60 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका एक हाथ बस के नीचे आ गया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा दोपहर करीब 1:45 बजे हुआ। डॉक्टर सोनी पुष्पराज कॉलोनी स्थित अपनी क्लिनिक से भरहुत नगर स्थित घर लौट रहे थे। इसी दौरान नागौद की ओर से आ रही गौतम ट्रेवल्स की बस एमपी 19-जेड ई-3358 ने पीछे से उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।



### अस्पताल में चल रहा इलाज

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने डॉक्टर सोनी को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। बताया गया कि वे कुछ साल पहले बीआरएस लेकर सेवानिवृत्त हुए थे और पहले जिला अस्पताल में पदस्थ थे।

### ड्राइवर फरार,बस जब्त

घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सिटी कोतवाली पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। आरोपी ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

---

# पेट और कंधे में मारा चाकू, डॉक्टर ने एमएलसी में लिखा सामान्य चोट

**नाराज और एनएसयूआई ने अस्पताल में किया प्रदर्शन**

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र में 27 जून को नारायण कुटी के पास दो बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला किया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉ.मानवेन्द्र सिंह ने एमएलसी रिपोर्ट में मामूली चोट दर्ज की। कोलगवां पुलिस ने जब विस्तृत एमएलसी रिपोर्ट मांगी,तब डॉक्टर की लापरवाही सामने आई। विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सोमवार रात जिला अस्पताल में प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव आनंद पाण्डेय ने एमएलसी रिपोर्ट में सुधार की मांग की। आरएमओ डॉ.शरद दुबे ने विस्तृत एमएलसी रिपोर्ट देने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

### शराब के लिए पैसे मांगे, नहीं दिए तो मारा चाकू

घटना वाले दिन आदर्श नगर निवासी अमित सोनी अपने दोस्त हिमांशु के साथ बाइक से बस स्टैंड जा रहा था। बाथरूम के लिए रुके अमित से आशू ठाकुर और समीर ने शराब पार्टी के लिए 500 रुपए मांगे। मना करने पर आशू ने उसके पेट में और समीर ने कंधे पर चाकू से वार कर दिया।

### पूछताछ में आरोपियों ने कबूला जुर्म

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों आशू ठाकुर और समीर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया। कोलगवां थाने में बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

---

# मैहर में दर्शनार्थी की रोपवे की ट्राली में कटी उंगली

### एसडीएम ने लगाया 5 हजार रुपए का जुर्माना

**मैहर।** एसडीएम विकास सिंह ने 2 दिन पूर्व रोपवे गार्ड की लापरवाही के कारण रोपवे ट्रॉली से दर्शनार्थी के बच्चे की उंगली पर चोट आने वाले मामले में एक्शन लिया है। रोपवे कर्मचारी पर 5000 का जुर्माना एवं 10 दिन के वेतन काटने का आदेश दिया। मैहर एसडीएम ने साफ शब्दों में रोपवे कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा की दर्शनार्थियों के साथ किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



---

### पोड़ी चौकी पुलिस ने किया वृक्षारोपण



**सतना।** 01 से 07 जुलाई तक चल रहे हरियाली महोत्सव अभियान के तहत नागौद थाना अंतर्गत पोड़ी चौकी पुलिस ने वृक्षारोपण किया इस दौरान चौकी प्रभारी अनिल तिवारी, प्रधान आरक्षक राजेंद्र पांडेय,आरक्षक ओम प्रकाश तिवारी,सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। चौकी प्रभारी अनिल तिवारी ने कहा कि बारिश के दिनों में अभी और पौधों को लगाना भी है एवं परिवार के सदस्यों की तरह उनका पालन पोषण भी करना है।

---

# सतना नगर निगम की लापरवाही पर 'आप' का फूटा गुस्सा

### ज्ञापन सौंपा, उग्र आंदोलन की चेतावनी



**सतना।** सतना नगर निगम की अनदेखी और लापरवाही अब जनता के सब्र के बांध को तोड़ रही है। शहर के कई वार्डों में जलभराव, सीवर लाइन की अव्यवस्था और अनियोजित सड़क निर्माण से त्रस्त नागरिकों की आवाज आज आम आदमी पार्टी ने बुलंद की। पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ.अमित सिंह के नेतृत्व में 'आप' पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर आयुक्त नगर निगम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि नगर निगम के अफसरों और ठेकेदारों की मिलीभगत से सतना शहर को जलजमाव और बीमारियों की दलदल में धकेल दिया गया है। गलत लेवलिंग की सड़कों और अधूरी पड़ी सीवर लाइन ने कई बस्तियों को जलनगरी बना दिया है। डॉ.अमित सिंह ने कहा कि नगर निगम के इंजीनियरिंग अमले ने बिना किसी सर्वे और तकनीकी आधार के सड़कों को इस तरह ऊंचा बना दिया कि हजारों घर और दुकानें अब सड़क के नीचे दब गई हैं। बरसात का पानी सीधे लोगों के घरों में घुस रहा है। यह प्रशासनिक आपराधिक लापरवाही है।

---

# कलेक्टर ने सुनी 154 आवेदकों की समस्यायें

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 154 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक,एसडीएम एलआर जांगडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने,सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 59 आवेदन

कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 59 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### मैहर में जल्दी दर्शन करने के लिए देने होंगे 11 सौ रुपए

गरीब कन्या विवाह हेतु एक चूनर, 5 साड़ियां प्रदाय किए जाएंगे

**मैहर।** मां शारदा देवी मन्दिर समिति मैहर के द्वारा दर्शनार्थियों के सुविधा के लिए शीघ्र दर्शन सुविधा का शुभारंभ रोपवे परिसर में किया गया। माई के दर्शन हेतु प्रति व्यक्ति 1100 रुपये अनुदान देकर शीघ्र दर्शन प्राप्त कर सकता है। इसके पूर्व दिव्यांग जनों को निःशुल्क दर्शन सुविधा प्रदान की जा रही है। बताया गया है कि इसके साथ ही गरीब कन्या के विवाह हेतु एक चूनर और पांच साड़यिां प्रदाय किया जाना शुरू किया गया है। मैहर मंदिर प्रांगण में इन सुविधाओं के साथ रोपवे में तथा मेला कार्यालय के पास 50 रुपए और 100 रुपए में माई के प्रसाद की ब्रिक्री की सुविधा काउंटर संचालित किया गया है जिसका लाभ श्रद्धालु भक्त प्राप्त कर रहे हैं। शीघ्र दर्शन सुविधा का शुभारंभ समिति सदस्य सचिन मिश्रा,रोपवे मैंनेजर असरफ इंजीनियर, सीबी पटेल, नरेन्द्र गंगेले, शैलेन्द्र सिंह,सफाई प्रभारी अजय सनाढ्य,सांस्कृतिक प्रभारी आरएल मिश्र, डॉ.रवी द्विवेदी,मुरारी पान्डे,शारदा कुशवाहा रोप-वे तथा कार्यालय अधीक्षक अरविंद नामदेव, एकाउंट मनोज सिंह सहित प्रमोद शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

---

# बृहस्पति कुंड में डूबे तीनों युवकों के शव बरामद

### पिकनिक पर गए थे 8 दोस्त, दो दिन चला रेस्क्यू ऑपरेशन

**सतना।** सतना-पन्ना जिले की सीमा पर स्थित पिकनिक स्पॉट बृहस्पति कुंड में डूबे तीनों युवकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। एसडीआरएफ की टीम ने मंगलवार सुबह 9 बजे बाघिन नदी से सतना के दो युवकों के शव निकाले। मृतकों की पहचान भरहुत नगर के कृष्णा शर्मा 19 वर्ष और त्वरित चौधरी 17 वर्ष के रूप में हुई है। पन्ना के जिगदहा निवासी अभिषेक ढीमर का शव सोमवार शाम को ही मिल गया था। रेस्क्यू ऑपरेशन एसडीआरएफ के सत्यपाल जैन के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान बरौंधा टीआई अभिनव सिंह और पन्ना जिले के बृजपुर टीआई महेंद्र सिंह भदौरिया समेत पुलिस बल मौजूद रहा।







### 5 दोस्तों के साथ बृहस्पति कुंड घूमने गए थे

घटना रविवार शाम की है। तीनों युवक सतना के एक कॉलेज में साथ पढ़ते थे। वे 5 अन्य दोस्तों के साथ अलग-अलग बाइक से बृहस्पति कुंड घूमने गए थे। सभी 600 फीट नीचे जल प्रपात तक पहुंचे। नहाने के दौरान 5 दोस्त तो बाहर आ गए,लेकिन तीन युवक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। साथी दोस्तों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम किया है घटना की जांच की जा रही है पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर श्री संदीप जी आर प्रभारी संभाग आयुक्त बने

**पन्ना।** संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की सेवानिवृत्ति के उपरांत मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के तहत सागर जिले के कलेक्टर श्री संदीप जी आर को संभाग का प्रभारी कमिश्नर नियुक्त किया गया है।

### घनश्याम पांडेय ने संभाला सीएमओ अमानगंज का पदभार



**अमानगंज।** अमानगंज नगर निकाय में आज दिनांक 1 जुलाई 2025 को संस्था के राजस्व निरीक्षक घनश्याम पांडेय ने प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पदभार संभाला। इस मौके पर अमानगंज नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक एवं पार्षद गणों और नगर परिषद स्टॉफ सहित स्थानीय मीडिया तंत्र ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई देते हुए नगर विकास में सहयोग की अपेक्षा की। जहां आपने उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि नगर में विकास एवं कार्यालय में मजबूती से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया जाएगा एवं आम जनता को लाभ दिलाया जाएगा। कहीं भी कोई भी कोताही अगर दिखाई दी, तो शीघ्रता से उस पर कार्यवाही की जाएगी।

### आरसेटी में निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 जुलाई से

**पन्ना।** भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में आगामी 11 जुलाई से 9 अगस्त तक 30 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पुरूष आवेदक सेलफोन रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग तथा मोटर साईकिल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इस आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संस्था में प्रशिक्षणार्थियों के रहने, भोजन व नाश्ता इत्यादि की व्यवस्था भी निःशुल्क की जाएगी। संस्थान के निदेशक ने बताया कि पन्ना जिले के निवासी व ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक आवेदक आगामी 11 जुलाई तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक के पास बैंक खाता के साथ आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड अथवा जॉब कार्ड, न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण की अंक सूची, आय एवं जाति व निवास प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

### डॉ. पीपी मिश्रा बने छत्रसाल महाविद्यालय के प्राचार्य



**पन्ना।** शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह परमार की सेवानिवृत्त के उपरांत शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य का पदभार गणित विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पीपी मिश्रा को सौंपे जाने संबंधी आदेश अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सागर संभाग सागर द्वारा 30 जून को जारी कर दिया गया। आदेश में उल्लेख किया है कि वरिष्ठता के आधार पर श्री मिश्रा को उनके कर्तव्यों के अतिरिक्त शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया जाता है। व प्राचार्य के रूप में कार्यालय प्रमुख तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारी के समस्त अधिकारों का उपयोग कर सकेगें।

### खजुरी कुड़ार में ग्रामवासियों को दी विधिक जानकारी



**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत खजुरी कुड़ार में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से ग्रामवासियों को विभिन्न उपयोगी विधिक प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ ने प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता व सलाह के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्ति को निःशुल्क अधिवक्ता सेवा उपलब्ध कराने की पात्रता एवं प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही सरकारी योजनाओं व सुविधाओं की प्राप्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क करने की सलाह भी दी गई। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन ने पॉक्सो, दहेज प्रतिषेध एवं घरेलू हिंसा अधिनियम सहित म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना की जानकारी दी। करण सिंह ने लीगल एड डिफेंस कॉउसिंल प्रक्रिया के बारे में बताया। शिविर में सचिव राजकिशोर कुशवाहा एवं रोजगार सहायक शिवेन्द्र चनपुरिया भी उपस्थित रहे।

# पंडित लाल बहादुर मिश्रा उच्च श्रेणी शिक्षक गुनौर को शिक्षक समुदाय द्वारा भव्य समारोह में दी गई सेवानिवृत्ति पर विदाई







गरिमामयी शिक्षक सामुदाय द्वारा मां गौरी गार्डन में आयोजित भव्य समारोह में पंडित लाल बहादुर मिश्रा के सेवानिवत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना मलखान जी के मां सरस्वती जी के दीपप्रज्जवल के साथ आरंभ हुआ।

**हरिभूमि न्यूज, पन्ना।**

संगीत की थाप संगीत पार्टी के प्रमुख स्वदेश दीक्षित सिरसी पटना द्वारा गीत के साथ प्रारंभ हुआ। विदाई देने वालों में गुनौर विकासखण्ड का शिक्षक सामुदाय सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं उनके शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य परिवार के सदस्य तथा संबंधीजन उपस्थित रहें। कार्यक्रम भव्य मंच में अध्यक्ष श्रीमती अर्चना मलखान सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मलखान सिंह, अमानगंज से पूर्व प्राचार्य संतोष शुक्ला, श्रीनिवास पाठक, प्राचार्य बालक उच्चत्तर माध्यमिक अमानगंज एवं कन्या हाईस्कूल अमानगंज, गुनौर से उत्कृष्ठ विद्यालय के प्राचार्य पी.डी. मिश्रा, ब्लाक शिक्षा अधिकारी श्री प्रजापति, हाईस्कूल कन्या गुनौर के प्राचार्य एवं अजय गुप्ता डीपीसी पन्ना, सूर्यभूषण मिश्रा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना, महेन्द्र बागरी पूर्व विधायक, मोहन्द्रा से टीकाराम भारद्वाज, राजेन्द्र भारद्वाज कितने ही अनगनित शिक्षकों से पूरा पण्डाल सुशोभित हो रहा था। उपहारों की श्रखला में पंडित लाल बहादुर मिश्रा कवि हृदय शिक्षक को तिलक बंदन कर उपहारों से सुशोभित किया गया। गरिमामयी मंच का संचालन कवि हृदय एवं पूर्व बैंक ब्रांच मैनेजर एस. चनपुरिया द्वारा उद्घोषित किया गया। जिसमें बीच-बीच में कविताओं का श्रंगार एवं आनंद सभी को मंत्रमुग्ध करता रहा। कवि रामनिवास पाठक जी ने अपनी कविताओं एवं रामायण की चौपाईयों द्वारा तथा टीकाराम भारद्वाज जी के द्वारा भी अपना सारगर्भित रामायण में जानकी जी की विदाई जी के उदाहरणों से सभी को भावविभोर किया। वहीं पूर्व प्राचार्य संतोष शुक्ला जी ने लाल बहादुर जी के आचार व्यवहार पर प्रकाश डाला। शिक्षक पाठक जी ने कविता पाठ्य किया गया। वक्ता तो बहुत थे पर समय का आभाव के कारण क्षमा मांगते हुए कार्यक्रम संक्षित रूप से समापन की ओर अग्रसर हुआ। उपहारों की घड़ी के बीच श्रीमती अर्चना मलखान सिंह एवं उनके पति मलखान सिंह ने श्री मिश्रा जी के संबंध में प्रकाश डालते हुए आभार व्यक्त किया गया। श्री मिश्रा जी का कार्यकाल विभिन्न शासकीय प्राथमिक सालाओं में क्रमशः 28 दिसम्बर 1984 से 14 नवम्बर 1996 तक करहिया, 15 अक्टूबर 1996 से 1 जुलाई 2000 रिछौड़ा, 5 जुलाई 2000 से 9 सितम्बर 2005 तक इटवा, 10 सितम्बर 2005 से 8 अक्टूबर 2011 तक बीएसी, 11 अक्टूबर 2011 से 30 अप्रैल 2021 तक शासकीय बालक शाला गुनौर, 1 जुलाई 2021 से 5 अक्टूबर 2023 तक कन्या हाईस्कूल गुनौर, 6 अक्टूबर 2023 से 30 जून 2025 को सेवानिवृत्त हुए। यह आयोजन शिक्षक समुदाय द्वारा किया गया।

## असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़े गए तालाब में पंचों सहित ग्रामीणों ने किया श्रमदान, मेड बांध कर बारिश का पानी रोकने का सराहनीय प्रयास



### ख़सरा नंबर 747 में बने तालाब को नष्ट करने के लिए सत्ता का साथ या पैसों की ताकत

**गुनौर**

मध्यप्रदेश शासन द्वारा आगामी पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण को सुनिश्चित करने की दिशा में 30 मार्च से 30 जून तक प्रदेशव्यापी ष्जल गंगा संवर्धन अभियानष चलाया जा रहा है। इस मुहिम के तहत राज्य भर के तालाबों, कुओं, बावड़ियों और नदियों की साफ-सफाई की जा रही है, जिससे इन जल स्त्रोतों को पुनः जीवनदान दिया जा सके। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं इस जनसरोकार से जुड़े अभियान को दिशा दिया और समाज के हर वर्ग को इस नेक कार्य में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया हैं। उनकी प्रेरणा से यह अभियान एक सशक्त सामाजिक आंदोलन के रूप में चला है। इसी से प्रेरित हो कर आज जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन के अवसर पर पंचायत मुख्यालय डिघौरा में देश के प्रधानमंत्री जी का लाईव प्रसारण सुना उसके बाद कुछ समय पूर्व असामाजिक तत्वों द्वारा जेसीबी मशीन से तोड़े गए तालाब को गांव सहित पंचायत के चुने हुए पंचों एवं ग्रामीणों ने श्रमदान कर बारिश का पानी रोकने के लिए बोरियों में मिट्टी भर कर मैड बांधने में सहयोग किया परन्तु जिस अभियान में प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री स्वयं मुख्य मार्गदर्शक है उस पर भी असामाजिक तत्वों ने अभियान के विपरीत शासकीय संपत्ति तालाब को नष्ट करने का प्रयास किया जबकि इसी तालाब को बचाने के लिए उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी किया था उसके बावजूद जेसीबी मशीनों से नष्ट कर दिया गया उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई और न ही तालाब को ठीक करने का शासन प्रशासन ने प्रयास किया अब ग्रामीण जानना चाहते है कि दोषियों पर कार्यवाही क्यों नहीं ?

## दया और करुणा की भावना रखें डॉक्टर -ब्रह्माकुमारी

## तन के साथ-साथ मन का भी इलाज करें



### एलोपैथी, होम्योपैथी के साथ-साथ करें सिंपैथी का उपयोग

**हरिभूमि न्यूज, पन्ना।**

अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के उपलक्ष में जिला चिकित्सालय में ब्रह्माकुमारी विद्यालय की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बहन जी ने सभी डॉक्टरों का सम्मान किया एवं शुभकामना देते हुए। आज के दिन के महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। आप पर परिवार के साथ-साथ समाज की बहुत बड़ी जिम्मेवारी है डॉक्टरों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है आज हम देखते हैं कि 90ः बीमारी मन के कमजोर होने से उत्पन्न होती है मरीज की आदि से ज्यादा बीमारी डॉक्टर के स्नेह पूर्ण व्यवहार से ठीक हो जाती है तो डॉक्टर का तन को स्वस्थ रखने के साथ-साथ हमारे मन को ठीक रखने में भी महत्वपूर्ण स्थान है हम एलोपैथी,होम्योपैथी अनेक प्रकार की दवाओ का प्रयोग करने के साथ-साथ सिंपैथी का भी उपयोग करके सबका भला करें ड्यूटी को सिर्फ ड्यूटी समझकर नहीं परंतु अपना फर्ज समझकर पूर्ण समर्पण भाव से निभाएं मरीज को सिर्फ मरीज नहीं समझ कर वरण अपनी फैमिली मेंबर समझ कर दया एवं करूणा के साथ सेवाएं दें, धन के साथ-साथ दुआ भी कमाये, कार्यक्रम में डॉक्टर आलोक गुप्ता सिविल सर्जन,डॉक्टर एसके त्रिपाठी, डॉ मीना नामदेव डॉ सौरभ त्रिपाठी डॉ नीरज जैन डॉ प्रदीप द्विवेदी, दिव्या नागवंशी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान में ताला तोड़कर खाद्यान्न चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

### चोरी हुआ खाद्यान्न पुलिस ने किया बरामद

**गुनौर**

फरियादी अंकुश सोनी पिता राजकुमार सोनी उम्र 28 साल निवासी ग्राम डिघोरा के द्वारा थाना गुनौर आकर के ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह शासकीय उचित मूल्य दुकान डिघोरा में विक्रेता है। दिनांक 13.06.25 की मध्य रात्रि 12:00 बजे से 6:00 के बीच कोई अज्ञात चोर उनकी शासकीय उचित मूल्य की दुकान से ताला तोड़कर कुल 16 बोरी खाद्यान्न चोरी कर ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 218/25 धारा 331(4), 305 बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। पन्ना पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा के द्वारा गुन्नौर थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार को तत्परता से कार्रवाई करने हेतु आदेशित किया गया था। अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह , गुनौर एसडीओपी श्री एसपी सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना गुनौर में एक टीम गठित की गई जिसके द्वारा उक्त घटना में लिप्त आरोपियों की तलाश पतारसी की गई। पुलिस द्वारा किए गए सार्थक प्रयासों के परिणाम स्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर संदेहियों से पूछताछ की गई सख्ती से पूछताछ किये जाने पर दो आरोपियों के द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान डिघौरा में ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी किया गया गेहूं एवं चावल की कुल सोलह बोरिया बरामद करा दी गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश से जिला जेल पन्ना में भेज दिया गया है।

**उल्लेखनीय भूमिका -**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार थाना प्रभारी गुनौर के निर्देशन में प्रधान आरक्षक संतलाल प्रजापति, प्रधान आरक्षक श्रीमती उर्मिला चौधरी, प्रधान आरक्षक कल्पना बागरी, प्रधान आरक्षक अजेश बेदी, आरक्षक राजकुमार सिंह गोड, आरक्षक अमन कुशवाहा, वाहन चालक आरक्षक बृजेश घोसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शासकीय हाईस्कूल मुराछ के प्रधानाचार्य रामभुवन बागरी हुए सेवानिवृत्त, भावभीनी विदाई में उमड़े अधिकारी और शिक्षकगण

**पवई**

पवई विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल मुराछ में पदस्थ प्रधानाचार्य रामभुवन बागरी सोमवार को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, शिक्षक, पत्रकार व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।रामभुवन बागरी ने अपने सेवाकाल में पूर्व बीआरसीसी एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जैसे अहम पदों पर दायित्वों का निर्वहन करते हुए शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उनके कार्यों और सौम्य व्यवहार की सर्वत्र प्रशंसा की गई। सेवानिवृत्ति समारोह के दौरान वक्ताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें एक प्रेरणास्रोत बताया और उनके स्वस्थ, सुखद व सक्रिय जीवन की कामना के साथ भावुक विदाई दी। कार्यक्रम में डीपीसी अजय गुप्ता, पूर्व डीईओ सूर्यभूषण मिश्रा, एपीसी







सत्येन्द्र सिंह, पूर्व बीईओ हुकुम सिंह यादव, बीआरसीसी राजेश पटेल, बीएसी रघुवीर तिवारी, रामसेवक सिंह, हजारीलाल पटेल, रमेश पटेल, जय कुमार पाण्डेय, हेतराम पटेल, संतोष प्यासी, संतोष गौतम, शालिग्राम शर्मा, अभिषेक चौरसिया, जितेन्द्र सोनी, पूर्व प्राचार्य विजय कुमार गर्ग, लाखन सिंह तोमर, कृष्णकुमार पाण्डेय, किशोरीलाल उपाध्याय, रामभगत द्विवेदी, ओमप्रकाश ठाकुर, बड्डू यादव, नरेंद्र पटेल, प्रदीप गुप्ता, मुकेश द्विवेदी, विश्वनाथ बागरी, रवि मालवीय, अवधलाल पटेल, जितेन्द्र गर्ग सहित अनेक शिक्षक, अतिथि शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक गोविन्द शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। रामभुवन बागरी की सेवानिवृत्ति पर पवई शिक्षा जगत में एक अध्याय का समापन माना जा रहा है, वहीं उनका कार्यकाल आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक रहेगा।

# रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव




**अमानगंज** 1 जुलाई को रॉयल स्कूल में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के अवसर पर प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं उन्हें मिठाई व उपहार भेंट किए गए।विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों व पोस्टरों से सजाया गया था। शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें नये सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अभिभावकों की ओर शिक्षकों की उपस्थिति रही शिक्षकों द्वारा बच्चों के प्रवेश उत्सव को लेकर बहुत अच्छे से तैयारियां की गई थी ।

# सचिव अरविंद कुमार मिश्रा निलंबित

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने जनपद पंचायत पन्ना सीईओ के प्रस्ताव पर पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बराछ के सचिव अरविंद कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय पन्ना निर्धारित किया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत रनवाहा के सचिव कृष्णपाल सिंह बुंदेला को आगामी आदेश तक बराछ का अतिरिक्त सचिवीय प्रभार सौंपा गया है। निलंबन अवधि में निलंबित सचिव को जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। जिला पंचायत सीईओ द्वारा म.प्र. पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के नियम 4 के तहत सचिव को निलंबित कर विभागीय जांच भी संस्थित की है। इसके लिए जनपद पंचायत सीईओ पन्ना को जांचकर्ता अधिकारी एवं खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत पन्ना को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त कर एक माह के भीतर विभागीय जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बराछ निवासी जानकी आदिवासी को सचिव द्वारा समग्र पोर्टल पर मृत घोषित कर दिया गया। इससे जानकी को गत मार्च माह से विधवा पेंशन नहीं प्राप्त हुई। इस संबंध में हितग्राही महिला द्वारा पूछताछ पर सचिव ने बताया कि पेंशन ऊपर से बंद है और इसमें सुधार के लिए 5 हजार रूपए की मांग की गई। सचिव ने बराछ निवासी गिरवल की समग्र आईडी को भी समग्र पोर्टल पर मृत घोषित कर दिया था। सचिव के पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही व उदासीनता बरतने तथा उक्त कृत्य म.प्र. पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3 के प्रावधानों के प्रतिकूल पाए जाने पर सचिव को निलंबित किया गया है।

**रोजगार सहायक को जारी किया नोटिस-** जिला पंचायत सीईओ द्वारा बराछ निवासी जानकी आदिवासी के प्रकरण में पदीय दायित्वों के प्रति सजग न रहकर घोर लापरवाही व स्वेच्छाचारिता बरतने पर रोजगार सहायक रंजना मिश्रा को भी नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसके माध्यम से आगामी 7 जुलाई को प्रमाण सहित समक्ष में उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### विश्वविद्यालय में छात्रों ने फिर किया हंगामा



**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में इतिहास विषय के परिणाम में सैकड़ों छात्रों को जीरो अंक मिलने से नाराजगी फैली हुई है। मंगलवार को गुस्साए छात्रों ने एक बार फिर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में तालाबंदी कर नारेबाजी की और परिणामों में कथित लापरवाही के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। छात्र नेता सतेंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि इतिहास और अंग्रेजी जैसे विषयों में सैकड़ों छात्रों को जीरो अंक दिए गए या अनुपस्थित दर्शाया गया, जबकि वे परीक्षा में शामिल हुए थे। छात्रों का कहना है कि अन्य विषयों में उनके अच्छे अंक हैं, लेकिन इतिहास में जीरो अंक देना विश्वविद्यालय की गंभीर चूक है, जिसका सुधार नहीं किया जा रहा। छात्रों ने इसे विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही करार दिया और मांग की कि परिणामों में त्रुटि को तत्काल सुधारा जाए। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने प्रशासनिक भवन को दो घंटे तक बंद रखा।

### फर्जी दस्तावेज से नौकरी पाने वाले पर नहीं हुई कार्रवाई



**छतरपुर।** फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी नौकरी हासिल करने का मामला मंगलवार को जनसुनवाई में सामने आया। आवेदक ने उत्तर प्रदेश के मूल निवासी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और आरोप लगाया है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बसारी संकुल की शासकीय माध्यमिक शाला सांदनी में नौकरी हासिल की गई थी। छतरपुर के मातवाना मोहल्ला निवासी आवेदक जानकी प्रसाद अहिरवार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मूल निवासी फकीरचंद वर्मा ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे बसारी संकुल अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला सांदनी में सरकारी नौकरी प्राप्त की थी। उन्होंने बताया कि फकीरचंद वर्मा अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन इस मामले में पहले भी कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जानकी प्रसाद ने एक बार फिर लिखित आवेदन देकर मामले की गहन जांच और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सुजारा गांव में शासकीय भूमि पर हुआ कब्जा

**बिजावर।** बक्सवाहा तहसील के ग्राम सुजारा में शासकीय भूमि पर पूर्व सरपंच के कब्जे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। मंगलवार को नाराज ग्रामीणों ने बिजावर तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और कब्जा हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि अपर आयुक्त के स्पष्ट आदेश के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया है और बार-बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सुजारा में कई एकड़ शासकीय भूमि पर पूर्व सरपंच परम सिंह लोधी ने कब्जा कर रखा है। इस मामले में अपर आयुक्त ने कब्जा हटाने का लिखित आदेश दिया था, लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। पहले भी ग्रामीण कई बार कब्जा हटाने के लिए आवेदन दे चुके हैं, पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

### मुख्यमंत्री के काफिले की गाड़ियों में पानी मिला डीजल मिलने के बाद शासन ने पूरे प्रदेश में चलाया जांच अभियान

# शासन के आदेश पर छतरपुर में भी पेट्रोल पम्पों की जाँच शुरू कर चेक किए टैंक

**छतरपुर।** पिछले दिनों मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल 19 बाहनो में एक साथ डीजल डलवाने पर सभी वाहन बीच में बंद हो जाने के कारण इस बात का खुलासा हुआ था कि पानी मिला डीजल डाला गया है। इस कारण वाहन बीच में बंद हो गए थे जांच उपरांत उस पेट्रोल पम्प को सील भी कर दिया गया था। इस घटना के बाद आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण ने प्रदेश के समस्त कलेक्टरों को पत्र क्रमांक/3791/पेट्रोलियम/2025 भोपाल दिनांक 27 जून 2025 को पत्र लिखा था कि कतिपय स्थानों पर पानी मिला डीजल प्रदाय किए जाने की घटना सामने आई है। आयल कंपनी एवं जिला खाद्य विभाग के स्तर से सतत रूप से निरीक्षण एवं मानिटरिंग के अभाव में इस प्रकार की निर्मित स्थिति हो रही है। इसलिए प्रदेश के सभी पेट्रोल पम्पों की जांच की जाए और जांच के दौरान यदि कहीं भी मिलावट खोरी पाई जाती है, तो संबंधित की विरूद्व कार्यवाही की जाए।

### किन किन बिन्दुओं पर जांच के दिए गए निर्देश

चूकि अभी बारिश का मौसम चल रहा है। ऐसी स्थिति में पेट्रोल पम्पों का तत्काल निरीक्षण किया जाना आवश्यक है। पेट्रोल पम्पो का जिले में पदस्थ खाद्य, राजस्व, नापतोल, आयल कंपनी के अधिकारियों का रोस्टर तैयार कर 3 माह की अबधि में अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाए। इसके अलावा मोटर स्पिरिट एवं उच्च बेग डीजल आदेश 2005 में दिए गए प्रावधान अनुसार राज्य सरकार के कोई राजपत्रित अधिकारी को पेट्रोल पम्पों की जांच, तलाशी एवं अधिग्रहण की शक्तियां प्राप्त है। कंपनी के सैल्सआफिसर के माध्यम से पेट्रोल पम्पों और उनके भूमिगत टैकों की मानसून पूर्व जांच की जाना आवश्यक है। उक्त के सबंध में यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित द्वारा निरीक्षण निर्धारित चेक लिस्ट अनुसार पूर्ण कर लिया गया है। पेट्रोल पम्पों पर आवश्यक नागरिक सुविधाओ जैसे निः शुल्क हबा, पेयजल, महिला एवं पुरूष के लिए पृथक पृथक शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए शासन के इस निर्देश के आधार पर नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा शहर के पेट्रोल पम्पों की जांच का अभियान शुरू किया गया है। जांच के दौरान तीन लोगों की कमेटी बनाई गई है। जिसमें डीएसओं सीताराम




कोठारे , सहायक आपूर्ति अधिकारी ऋषि शर्मा, जीतेन्द्र बर्मन को रखा गया है।

### जांच के नाम पर शुरू हुई औपचारिकता

आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के आदेश के परिपालन में छतरपुर में नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा पेट्रोल पम्पों की जांच शुरू की गई तो देखने को मिल रहा है कि जांच के नाम पर खानापूर्ति करने के लिए औपचारिकता निभाई जा रही है। सोमवार को बस स्टेण्ड के पास मनोज श्रीवास्तव के पेट्रोल पम्प, नौगांव रोड का पेट्रोल पम्प, और महोबा रोड के महतों पेट्रोल पम्प में पहुंचकर नागरिक आपूर्ति विभाग की टीम ने जांच पडताल की जांच के दौरान पेट्रोल पम्पों का स्टाक चेक करने, डिनसिटी चेक करने, पेट्राल टैंक चेक करने तथा माप चेक करने की बात नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा कहीं जा रही है। सीताराम कोठारे नागरिक आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण बिन्दू जांच का यह है कि कहीं टेंक में पानी का लीकेज तो नहीं हो रहा उनका कहना था कि एक पेट्रोल पम्प की जांच में करीब 2 से 3 घंटे का समय लगता है प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की कमी नही पाये जाने का दाबा सीताराम कोठारे जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। उनका यह कहना है कि अभी यह जांच पडताल लगातार चलेगी और जिन पेट्रोल पम्पों में कमियां पाई जाएगी उन पर कार्यवाही की जाएगी। लेकिन जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा शुरू किया गया निरीक्षण अभियान महज औपचारिकता साबित हो रहा है।

### पेट्रोल पम्पों में नहीं है आवश्यक सुविधाएं

शासन के स्पष्ट निर्देश है कि पेट्रोल पम्पों में निःशुल्क हबा, महिला एवं पूरूष के लिए अलग अलग शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन छतरपुर के अधिंकाश पेट्रोल पम्पों में खास कर छतरपुर शहर में ही यह व्यवस्था नही है। जिन पेट्रोल पम्पों को जिला आपूर्ति अधिकारीद्वारा चेक किया गया है उन पेट्रोल पम्पों में यह व्यवस्थाएं नही थी फिर भी चेक करने के नाम पर औपचारिकता पूरी की गई। जब नि : शुल्क हबा, और शौचालय की व्यवस्था नही थी तो जिला आपूर्ति अधिकारी ने कार्यवाही क्यों नही की फिर उनका यह कहना कि प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की कमियां नही पाई गई कहीं यह सब लेनदेन कर के छिपाया तो नही जा रहा है। जबकि सबकों दिखाई दे रहा है कि शहर के कई पेट्रोल पम्पों में निः शुल्क हबा और शौचालय की कोई व्यवस्था नही है।

### कहीं कमाई का साधन न बन जाए शासन का आदेश

जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा पेट्रोल पम्पों की जांच के नाम पर जो कार्यवाही पहले दिन से शुरू की गई है उसको देखकर ऐसा लगता है किकहीं शासन के आदेश की आड में अबैध कमाई न होने लगे क्योंकि पेट्रोल पम्पों में तमाम कमियां है। उसके बावजूद भी उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है। आयेदिन पेट्रोल पम्पों में मिलावट खोरी व नाप में कम पेट्रोल देने की शिकायतें मिलती रहती है। लेकिन नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी केबल खानापूर्ति करके इन शिकायतों का निराकरण कर के अपनी जेबे भरने में लगे रहते है। इस बार भी जांच के दौरान आयुक्त ने जिन बिन्दुओ पर जांच के निर्देश दिए है उन बिन्दुओं की जांच में महज खानापूर्ति जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा की जा रही है।

### पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जिले में पौधरोपण का महाअभियान

# जिला पंचायत सीईओ ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ किया पौधारोपण

**छतरपुर।** जिले में 1 जुलाई 2025 को लोक निर्माण विभाग द्वारा पौधारोपण का महाअभियान चलाया गया। जो एक जुलाई एक साथ एक लाख पौधारोपण थीम पर आधारित था। जिसमें प्रदेश में 1 लाख पौधे रोप जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। यह पौधारोपण सड़क किनारे, विश्राम गृह एवं भवन परिसरों में रिक्त भूमि पर लगाए गए।इसीक्रम में मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ इस महा अभियान में छतरपुर सर्किट हाउस परिसर में बरगद का पौधा रोपित किया। इस दौरान सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर, ईई पीडब्ल्यूडी आर.एस. शुक्ला एवं विभागीय अधिकारी, कर्मचारी सहित पत्रकार बंधु एवं समाजसेवियों द्वारा भी फलदार पौधे रोपे गए। साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जिले के सभी रेस्ट हाउस एवं विभाग के परिसर में भी बरगद,



कदम, आम, जामुन, आंवला, आदि के पौधरोपण किए। पौधरोपण अभियान में नौगांव में भी एसडीओ शुभम मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पौधे रोपे गए और सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करने की अपील की गई। इसके साथ ही बिजावर, लवकुशनगर एवं राजनगर में भी पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस के परिसर में पौधे रोपे गए। यह अभियान लोक निर्माण विभाग की मूल भावना लोक निर्माण से लोक कल्याण का जीवंत उदाहरण है, यह पहल एक दिनी नहीं है बल्कि हर वर्ष नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। जिससे विकास कार्यों के साथ पर्यावरण संतुलन और हरियाली को भी समान महत्व मिल सके।



# मौनव्रत धारण कर अनशन पर बैठे रामलला सरकार मंदिर के पुजारी

### एसडीएम पर लगाए आरोप, मांग पूरी न होने तक करेंगे अनशन

**छतरपुर।** जिला पंचायत के सामने मेलाग्राउंड में ग्राम बारी के राम लला सरकार मंदिर के पुजारी साधुदास उर्फ वीरेंद्र कुमार ने क्रमिक अनशन और मौन व्रत शुरू किया है। पुजारी ने एसडीएम अखिल राठौर और नायब तहसीलदार सौंरा इंदू सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए पंडाल लगाकर अपनी मांगें प्रशासन के सामने रखी हैं।

पुजारी साधुदास ने आरोप लगाया कि एसडीएम अखिल राठौर ने राम लला सरकार मंदिर की बागडोर आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सौंप दी है, जिससे मंदिर की पवित्रता और व्यवस्था प्रभावित हुई है। उनके अनशन की प्रमुख मांगों में आपराधिक लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, 19 अप्रैल 2025 की स्थिति में मंदिर में उनकी पुनरुस्थापना, उनके खिलाफ दर्ज कथित फर्जी मुकदमों को वापस लेना, और दोषी एसडीएम अखिल राठौर व नायब तहसीलदार इंदू सिंह को निलंबित करना शामिल है। अनशनकारी पुजारी ने मेलाग्राउंड में पंडाल लगाकर अपनी मांगों को लेकर क्रमिक अनशन और मौन व्रत शुरू किया है।

# जटाशंकर में हुई जोरदार बारिश, जलमग्न हुआ मंदिर



**छतरपुर।** शिवधाम जटाशंकर में मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश ने मंदिर परिसर को जलमग्न कर दिया। बारिश का पानी सीधे मंदिर में प्रवेश कर भगवान भोलेनाथ का प्राकृतिक जलाभिषेक करता रहा, जिसे देख श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक बारिश का लुत्फ उठाया। वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय के समीप उर्मिल नदी के रिपटा पर पानी आने से आवागमन बाधित रहा, जिससे श्रद्धालु सिद्ध क्षेत्र कूडन्नताल धाम नहीं पहुंच सके। उल्लेखनीय है कि बुंदेलखंड के केदारनाथ के नाम से प्रसिद्ध जटाशंकर धाम, जो पहाड़ियों के बीच अपने प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है, मंगलवार को जोरदार बारिश का गवाह बना। मूसलाधार बारिश के कारण मंदिर की सीढ़ियों पर झरने की तरह पानी बहने लगा और परिसर जलमग्न हो गया। बारिश का पानी मंदिर के अंदर भगवान शिव के ऊपर गिरा, जिसे श्रद्धालुओं ने प्राकृतिक जलाभिषेक के रूप में देखा। मौजूद भक्तों ने इस अद्भुत दृश्य का आनंद लिया और कई ने इसे कैमरे में कैद किया। बारिश ने जटाशंकर धाम के प्राकृतिक सौंदर्य को और भी मनमोहक बना दिया। दूसरी ओर, छतरपुर और देरी के बीच बहने वाली उर्मिल नदी के रिपटा पर तेज बहाव के साथ करीब डेढ़ फीट पानी होने से आवागमन रुक गया। मंगलवार होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु सिद्ध क्षेत्र कूडन्नताल धाम जाने की योजना बना रहे थे, लेकिन बारिश और तेज बहाव के कारण वे वहां नहीं पहुंच सके। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

# गढ़ीमलहरा पुलिस पर लगे मारपीट और फर्जी मामला दर्ज करने के आरोप

### एसपी के पास पहुंची पीड़ित परिवार की महिलाएं, मांगा न्याय

**छतरपुर।** जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के उर्दमऊ गांव के रहने वाले पाठक परिवार ने पुलिस पर मारपीट और फर्जी मुकदमा दर्ज करने का गंभीर आरोप लगाया है। मंगलवार को परिवार की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उर्दमऊ निवासी निधि पाठक ने बताया कि गढ़ीमलहरा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक और आरक्षक ने उनके भाई रवि पाठक के साथ मारपीट और गाली-गलौज



की, जिसका वीडियो भी उसके पास है। निधि ने आरोप लगाया कि पुलिस ने रवि पर मारपीट और धारा 25/27 (आर्म्स एक्ट) के तहत झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया है। वहीं रवि की मां निशा पाठक ने बताया कि 29 जून को पुलिस उनके घर पहुंची और रवि को जबरदस्ती ले गई। निशा के अनुसार गांव के अमित शिवहरे, संजू और कैलाश के साथ उनका पुराना जमीनी विवाद है, जिसके लिए उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज की थी। निशा ने दावा किया कि उक्त लोगों के कहने पर पुलिसकर्मी सीएम हेल्पलाइन की शिकायत वापस लेने की धमकी देने उनके घर आई थी। जब बात नहीं मानी तो पुलिसकर्मियों ने उनके पुत्र रवि के साथ मारपीट की तथा बाद में उस पर फर्जी मुकदमा भी दर्ज कर दिया गया। निधि और निशा पाठक ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। संगीता जैन, सरिता तिवारी, दीपेंद्र चौरसिया के अलावा विद्यालय का स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जमीन लेने के बाद भी नहीं दिया गया मुआवजा

### कलेक्टर के पास पहुंचे परेशान परिवार

**छतरपुर।** कटनी-गुलगंज मार्ग निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई जमीनों का मुआवजा न मिलने से प्रभावित परिवार परेशान हैं। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में 18 परिवारों ने अपनी फरियाद रखी और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। प्रभावित लोगों ने बताया कि उन्होंने कई बार एसडीएम बिजावर को आवेदन दिए, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन सौंपने आए बृजेश पटैरिया ने बताया कि कटनी-गुलगंज मार्ग निर्माण के लिए बिजावर तहसील के कई गांवों की जमीनें अधिग्रहित की गईं। इस प्रक्रिया में 18 परिवारों की जमीन प्रभावित हुई, लेकिन मुआवजे का भुगतान अभी तक नहीं किया गया। श्री पटैरिया ने बताया कि उनकी जमीन अधिग्रहण के बाद भी मुआवजा नहीं मिला है। इसी तरह, ग्राम बक्सोई के संतोष यादव ने कहा कि उन्होंने बिजावर में प्लॉट खरीदे थे, लेकिन सड़क निर्माण के लिए उनकी जमीन ले ली गई और मुआवजा अब तक नहीं दिया गया। प्रभावित परिवारों ने पहले भी एसडीएम बिजावर को आवेदन दिए थे और अब कलेक्टर जनसुनवाई में भी यही मांग दोहराई। कलेक्टर ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है, लेकिन स्थानीय लोग शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।



## दंड भरते हुए जनसुनवाई में पहुंचे सिंहपुर के ग्रामीण

### आम रास्ता बंद होने से से परेशान लोगों ने सुनाई पीड़ा




**छतरपुर।** जिले की महाराजपुर तहसील के ग्राम सिंहपुर के ग्रामीणों ने आम रास्ता बंद होने की समस्या को लेकर मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में दंडवत अंदाज में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पटवारी पर सरकारी रास्ते को अवैध रूप से बंद करने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा और रास्ता खुलवाने की मांग की।ग्राम सिंहपुर के ग्रामीणों का कहना है कि पटवारी राजेंद्र राजपूत ने आम रास्ते पर तार-बारी लगाकर उसे बंद कर दिया, जिससे पिछले तीन महीनों से उनकी आवाजाही बाधित है। ग्रामीणों निरपत राजपूत और सुरेश राजपूत ने बताया कि इस रास्ते के बंद होने से वे अपने खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कई बार स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हताश होकर ग्रामीणों ने जनसुनवाई में दंडवत प्रदर्शन कर अपनी मांग को उठाया और ज्ञापन सौंपा। एसडीएम अखिल राठौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इसे संज्ञान में लिया गया है और जांच के बाद जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

# भारत विकास परिषद ने डॉक्टर्स डे पर किया चिकित्सकों का सम्मान

### पुष्पमाला और स्मृति चिन्ह देकर दी गई मंगलकामनाएं

**छतरपुर।** भारत विकास परिषद ने मंगलवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर अपने सदस्य चिकित्सकों का आत्मीय सम्मान किया। परिषद ने डॉक्टरों को पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ और स्मृतिचिन्ह भेंटकर उनके स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की। सम्मानित चिकित्सकों ने इस पहल के लिए परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया।भारत विकास परिषद, छतरपुर ने डॉक्टर्स डे के



मौके पर अपने परिवार के सदस्य चिकित्सकों डॉ. पियूष बजाज, डॉ. कपिल खुराना, डॉ. निधि खुराना, डॉ. राजेश खरे, डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. सुदीप जैन, डॉ. सुकृति जैन, डॉ. निकिता गुप्ता और डॉ. धीरेन्द्र गुप्ता का सम्मान किया। परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष आलोक टिकरिया, अध्यक्ष अनुपम टिकरिया, सचिव उमेश लालवानी, कोषाध्यक्ष रामनारायण अग्रवाल, संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल, डॉ. सुमति प्रकाश जैन, राम कुमार गुप्ता, राम कुमार गुप्ता (थायरो वाले), अनुज टिकरिया, रघुनाथ शर्मा और प्रियंक पिपरसानिया ने चिकित्सकों के कार्यस्थल पर पहुंचकर पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ और स्मृतिचिन्ह भेंट किए। इस दौरान सभी ने चिकित्सकों के सानंद जीवन और दीर्घायु की कामना की। सम्मानित चिकित्सकों ने भारत विकास परिषद की इस आत्मीय पहल के लिए हृदय से आभार जताया और इसे अपनी सेवाओं के लिए प्रेरणा बताया।

## खबर संक्षेप

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा कलेक्टर ने बाल सम्प्रेक्षणगृह का किया औचक निरीक्षण

रीवा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया तथा व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा तथा साफ-सफाई की व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश अधीक्षक को दिये गये। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व कलेक्टर ने अपचारी बच्चों के कक्षों का निरीक्षण किया तथा वहां प्रकाश व हवा की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने किचेन में बनाये जा रहे खाने व स्टोर में उपलब्ध सामग्री का निरीक्षण किया। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बुलाकर खाद्यान्न सामग्री के सेम्पलिंग लेने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपचारी बच्चों से मिलने वाले भोजन एवं नाश्ते के विषय में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान बाल सम्प्रेक्षण गृह में बच्चों के लिये प्रशिक्षण की व्यवस्था व इनडोर खेल की व्यवस्थाओं के लिये निर्देशित किया गया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को दिये गये सभी बिन्दुओं की जांचकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा भवन निर्माण के लिये डीपीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने शिवानी पाण्डेय व सचिन तिवारी को अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान सचिव जिला विधिक प्राधिकरण समीर मिश्रा, श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी नयन सिंह, सहायक संचालक आशीष द्विवेदी उपस्थित रहे।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एफआईआर राजनीति से प्रेरितः राजेंद्र शर्मा



रीवा। अशोक नगर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने इस एफआईआर को फर्जी, राजनीति से प्रेरित और लोकतंत्र पर हमला करार दिया। कहा कि यह भाजपा की तानाशाही और विपक्ष को दवाने की साजिश का हिस्सा है। 1 है। यह घटना न केवल पीड़ितों की आवाज को कुचलने का प्रयास है, बल्कि पूरे प्रदेश में डर का माहौल बनाने की साजिश भी है। पीड़ितों ने जनसुनवाई में कलेक्टर से मिलकर शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस बीच एक पीड़ित ने आत्मदाह की कोशिश की, जिससे में प्रदेशभर में सनसनी फैल गई। कार्रवाई नहीं होने पर विपक्षी दल के नेता होने के नाते जीतू पटवारी ने पीड़ितों और कलेक्टर से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग उठाई। अब झूठा शपथ पत्र दिलवाकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने अध्यक्ष के साथ खड़ा है। एफआईआर वापस नहीं हुई तो पूरे प्रदेश पूरे प्रदेश में आदोलन होगा। इस दौरान शहर अध्यक्ष लखनलाल खंडेलवाल, सज्जन पटेल, सत्यनारायण तिवारी, रफीक मनिहार आदि मौजूद रहे

### छात्रवृत्ति के लिए ओटीआर नम्बर और आधार सत्यापन होगा अनिवार्य

रीवा। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र ऑनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को छात्रृत्ति का लाभ दिया जा रहा है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है। छात्रवृत्ति के लिए पात्र कक्षा नवीं से महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थियों को दो चरणों में ओटीआर प्राप्त कर आवेदन पत्र दर्ज करना होगा। छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए ओटीआर नम्बर और आधार सत्यापन कराना अनिवार्य है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि दो लाख 50 हजार वार्षिक आय सीमा के अनुसूचित जाति, जनजाति परिवारों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाएगा। वर्ष 2025-26 की छात्रवृत्ति के लिए पात्र विद्यार्थी को नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर पंजीयन कराकर वन टाइम रजिस्ट्रेशन नम्बर प्राप्त करना होगा। इसके लिए विद्यार्थी को नेशनल स्कालरशिप पोर्टल की वेबसाइट अथवा एनएसपी ओटीआर मोबाइल एप डाउनलोड करके उसमें आवश्यक जानकारियाँ दर्ज करनी होंगी। सभी जानकारियाँ दर्ज होने के बाद उससे रिफरेंस नम्बर प्राप्त होगा। इसके दूसरे चरण में एनएसपी ओटीआर एप अथवा आधार फेस आरडी सर्विस ऐप को डाउनलोड करके रिफरेंस नम्बर से ओटीआर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# अब केवल ई ऑफिस से भेजी फाइलें ही होंगी स्वीकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों के शेष पेंशन प्रकरण सात दिवस में दर्ज करें



कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी और जिलाधिकारी ई ऑफिस से ही फाइलों का परिचालन करें। कमिश्नर कार्यालय में भी अब केवल ई ऑफिस से भेजी गई फाइलें ही स्वीकार होंगी।

हरिभूमि न्यूज, रीवा।

शेष बचे संभागीय कार्यालय सात दिवस में ऑनबोर्ड होकर ई फाइल भेजना सुनिश्चित करें। कार्यालय में भी ई ऑफिस के माध्यम से ही फाइल वर्क करें। संभागीय अधिकारी अधीनस्थ कार्यालयों में भी ई फाइल व्यवस्था सात दिवस में सुनिश्चित करें। किसी भी तरह की कठिनाई होने पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से संपर्क करके कठिनाई दूर कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि जून माह तक संभाग में सेवानिवृत्त हुए 189 शासकीय सेवकों में से केवल 94 के पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में दर्ज हुए हैं। संबंधित अधिकारी सात दिवस में शेष पेंशन प्रकरण अनिवार्य रूप से पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। सेवानिवृत्त अधिकारियों के पीपीओ समय पर जारी कराएं जिससे पेंशन के लिए सेवानिवृत्त कर्मियों को भटकना न पड़े। पेंशन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि सभी नगर निगम तथा अन्य नगरीय निकाय शहरी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार और बाढ़ तथा अतिवृष्टि से निपटने के प्रबंधों पर विशेष ध्यान दें। त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव के निवासियों को सुरक्षित रखने के लिए स्थानों का चिन्हांकन कर लें। यहाँ बनाए जाने वाले राहत शिविरों में पर्याप्त अनाज, पेयजल, दवाओं तथा अन्य सुरक्षा के उपकरणों की व्यवस्था कर लें। आपदा नियंत्रण के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रखें। व्हाट्सएप ग्रुप में बाढ़ तथा अतिवृष्टि से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं लगातार दर्ज कराते रहें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी विकासखण्डों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में एक-एक लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। वृक्षारोपण के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में तत्काल तैयारी शुरू कर दें। अभियान में लक्ष्य के अनुसार पौधे रोपित कराएं। रोपित पौधों की सुरक्षा के भी उचित प्रबंध करें। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण को जन आंदोलन का रूप दें। कमिश्नर ने कहा कि सड़कों से जुड़े अधिकारी हाईवे तथा अन्य प्रमुख मार्गों से निराश्रित गौवंश को हटाकर आसपास की गौशालाओं में सुरक्षित कराएं। संयुक्त संचालक पशुपालन निराश्रित गौवंश को सुरक्षित करने के लिए विशेष प्रयास करें साथ ही विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराएं। नेशलन हाईवे, सड़क विकास निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अधिक वर्षा में जलमग्न होने वाले पुलों में साइन बोर्ड तथा बैरियर तत्काल लगाएं। संयुक्त संचालक कृषि खाद, बीज और कीटनाशकों के नमूने लेकर उनकी जाँच कराएं। नमूने अमानक पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का किसानों में वितरण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने प्राकृतिक खेती, सड़कों के सुधार तथा खाद्यान्न वितरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त स्वदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, प्रभारी मुख्य अभियंता ऊर्जा प्रमा पाण्डेय, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास शशि श्याम उइके तथा संभागीय उपस्थित रहीं।

## कमिश्नर ने आमजनों की सुनी समस्याएं

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के आवेदन पत्रों में जनसुनवाई की। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का सात दिवस में निराकरण करने के निर्देश दिए। सतना जिले के मझगवां तहसील के दाहिया जाति के जाति प्रमाण पत्र के आवेदन के संबंध में कमिश्नर ने एसडीएम मझगवां को निर्देश दिए। कमिश्नर ने शिवाकांत तिवारी निवासी ग्राम पंधा तहसील त्योंथर के सीमांकन के आवेदन के निराकरण के लिए एसडीएम त्योंथर को निर्देश दिए। कमिश्नर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के दिवंगत कर्मचारी मोतीलाल साकेत की पत्नी के अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर के सूने मकान में लाखों की चोरी बिछिया थाना क्षेत्र के कुठुलिया मोहल्ले में हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज, रीवा।

शहर के बिछिया थाना क्षेत्र के कुठुलिया मोहल्ले मे सीआरपीएफ जवान के सूने आवास में चोरों ने ताला तोड़कर बदमाशों ने आभूषण सहित लाखों रुपए लेकर रफूचक्कर हो गए, बता दे सीआरपीएफ में पदस्थ सब इंस्पेक्टर के सुने आवास में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवरात सहित नकदी पार कर दी। घटना के संबंध में पीड़ित सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर नागेंद्र द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि वो शुक्रवार को परिवार सहित अपने गांव मुकुंदपुर पुजाई कार्यक्रम में शामिल होने अपने गांव चले गए थे। जहां से



जब सोमवार की सुबह लौट कर आए तो देखा कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ है। जब घर अंदर जाकर देखा तो पाया कि चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। नागेंद्र द्विवेदी के मुताबिक अज्ञात चोरों ने इत्मीनान से पूरे घर की तलाशी ली है और जाते वक्त एक सूटकेस भी अपने साथ उठा ले गए है। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उनके घर से 35 हजार रुपए नकद सहित सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए है। चोरों ने तकरीबन 4 लाख रुपए से ज्यादा की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना की शिकायत पीड़ित सब इस्पेक्टर ने बिछिया थाना में दर्ज करवाई है, जिसके बाद पुलिस ने मौके में पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर अब उनकी खोजबीन में लगी हुई है।

## जनसुनवाई में ग्रामीणजनों ने पुरैना गांव में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की मांग की, जनसुनवाई में 87 सुने गये आवेदन

रीवा।

मंगलवार में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट में 87 आवेदकों की समस्यायें सुनी गई। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। रायपुर कर्चुलियान जनपद अन्तर्गत गढ़वा के ग्रामवासियों ने गांव में सड़क, नाली, नलजल योजना, सहित जर्जर पंचायत भवन को बनाये जाने तथा पंचायत भवन के नियमित संचालन का आवेदन दिया जिसे सीईओ को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार गढ़वा ग्रामवासियों के सड़क में मुरमीकरण कराये जाने का आवेदन को सीईओ जनपद रीवा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। संतोष कुमार पाण्डेय परिहारिन पुर्वा के नकल दिलाने, संजय कुमार साहू देवरा फरेंदा



के कम्प्यूटरीकृत नक्शे में त्रुटि सुधार के आवेदन को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। चन्द्रवती निवासी डेल्ही के कब्जे की भूमि से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को एसडीएम सिरमौर को तथा दानी निवासी राजकुमार के खसरा सुधार के आवेदन को एसडीएम गुढ़ को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में विनोद कुमार लोही निवासी ने घर के सामने से पानी निकासी का आवेदन दिया जिसे जनपद रीवा सीईओ को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। रविकांत द्विवेदी के सीमांकित भूमि का कब्जा दिलाने के आवेदन को एसडीएम जवा को, सिलपरा निवासी भोलई साकेत के अतिक्रमण हटाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को तथा रामभजन सिंह चचाई निवासी के खाद्यान्न पर्ची में नाम जोड़ने के आवेदन को खाद्य अधिकारी को कार्यवाही करने के लिये निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में मुद्रिका प्रसाद बहेलिया निवासी गोविंदगढ़ के सीमांकन कराने के आवेदन को नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ को तथा कृष्ण कुमार चर्मकार के राहत राशि प्रदाय के आवेदन को जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पशु तस्करी का भंडाफोड़ः गढ़ पुलिस ने ट्रक से बरामद किए 25 मवेशी, तीन गिरफ्तार



रीवा

आईजी जोन गौरव राजपूत के नेतृत्व में चलाए गए अभियान की कामयाबी रीवा। रीवा जिले में सक्रिय पशु तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत के निर्देशन में चलाए जा रहे पशु बचाओ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई,बता दे गढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ट्रक को रोककर उसमें से क्रूरता से भरे गए 25 मवेशियों को मुक्त कराया है। आरोपी इन मवेशियों को उत्तर प्रदेश के बूचड़खानों तक पहुंचाने की फिराक में थे।घटना बीती रात की है जब गढ़ थाने के प्रभारी अवनीश पांडे को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक में बड़ी संख्या में मवेशियों को भरकर सीधी जिले से यूपी की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने कटरा क्षेत्र के पास घेराबंदी कर ट्रक को रोक लिया। तलाशी में ट्रक के भीतर गंदगी और तंग हालात में 25 मवेशी बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन मवेशियों को बिना किसी अनुमति और मवेशियों के परिवहन संबंधी नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो कि सीधी जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इन मवेशियों को यूपी के एक बूचड़खाने में बेचने जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## खर्रा में वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**मऊगंज** ग्राम पंचायत खर्रा के सचिव कमलेश कुमार पटेल द्वारा वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच गुंजन सोनी ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि शारदा प्रसाद सोनी समिति प्रबंधक सुरेश उपाध्याय आशा सुपरवाइजर शांति कला चतुर्वेदी सीएचो डॉक्टर प्रीति वर्मा उपस्थित रहे सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिश्र में ग्राम पंचायत की जनता का अभिवादन किया तत्पश्चात सरकार की विभिन्न योजनाओं की क्रमबद्ध तरीके से जानकारी दी जैसे सरकार




द्वारा चलाए जा रहे जन सुरक्षा अभियान जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना, एजुकेशन लोन, यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी तथा साइबर फ्रॉड की घटनाएं बहुत अधिक हो रही हैं इस संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया की कोई भी अजनबी व्यक्ति आपके पास फोन करता है और आपकी कोई गोपनीय जानकारी मांगता है उसे कतई ना दें ना ही ओटीपी बताएं नहीं तो आपकी गाढी कमाई एक सेकंड के अंदर चली जाएगी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ग्राम पंचायत की सरपंच ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत में कितना सुंदर आयोजन हुआ और सर द्वारा जो जानकारी दी गई इससे हमारी पंचायत की जनता का निश्चित रूप से भला होगा और सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेंगे हम अपनी ओर से एवं अपनी ग्राम पंचायत की ओर से सर के साथ-साथ जिला प्रशासन मऊगंज का हार्दिक अभिनंदन करती हूं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत के रोजगार सुनाएं रविंद्र चतुर्वेदी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरला सोनी रेखा उपाध्याय अर्चना साकेत एनम सरोज पाठक अनीता चतुर्वेदी सहायिका रनिया कोल सरोज कोल आशा कार्यकर्ता कुसमा साकेत संगीता साकेत ममता चतुर्वेदी सुशीला साकेत पुष्पा चतुर्वेदी गांव के वरिष्ठ नागरिक वीरेंद्र तिवारी सहित सैकड़ो महिला एवं पुरुष हितग्राही उपस्थित रहे।

### कलेक्टर कार्यालय में हुआ 'वंदे मातरम्' का सामूहिक वाचन



**मऊगंज।** राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर कार्यालय में भारतीय राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक वाचन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत प्रत्येक माह की पहली तारीख को राष्ट्रीय गीत का वाचन किया जाता है।इस अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, एसडीओपी सची पाठक सहित कलेक्टर कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनेक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत का वाचन करते हुए एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।वंदे मातरम' सिर्फ एक गीत नहीं बल्कि यह भारतवर्ष की आत्मा का प्रतीक है। इसका वाचन हमें हमारे कर्तव्यों और देशभक्ति की भावना की याद दिलाता है।इस आयोजन का उद्देश्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक मजबूत करना है। कार्यक्रम में सभी ने अनुशासन और सम्मान के साथ सहभागिता निभाई, जिससे एक प्रेरणादायक वातावरण निर्मित हुआ।मध्य प्रदेश सरकार की यह पहल समाज में देशभक्ति की चेतना को जीवंत बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।